अति महत्वपूर्ण
संख्या–150 / पांच–5–2020

प्रेषक,

डा0 देवेश चतुर्वेदी,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– **समस्त मण्डलायुक्त**, उत्तर प्रदेश।
2– **समस्त जिलाधिकारी,** उत्तर प्रदेश।
3– **निदेशक,** रूरल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई, इटावा,
4– **निदेशक,** जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, ए0एम0यू0, अलीगढ,
5– **निदेशक,** ओपेक चिकित्सालय, कैली, बस्ती
6– **निदेशक / प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
समस्त मंडलीय / जनपदीय चिकित्सालय, उत्तर प्रदेश ।
7– **समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी,** उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक 25 जनवरी, 2020**

विषयः–"नोवेल कोरोना वायरस–2019" के संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, भारत सरकार, नई दिल्ली ने **"नोवल कोरोना वायरस–2019"** के प्रभावी पहचान, सघन निगरानी, उपचार, बचाव, रोकथाम एवं दैनिक सूचना प्रेषित किये जाने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश उपलब्ध कराए है जिसकी छायाप्रति संलग्न है।

2– यह वायरस सर्वप्रथम चीन के वुहान शहर में अचानक वृद्धि के रूप में प्रकट हुआ है। इस वायरस के संक्रमण से मनुष्य में फ्लू जैसे लक्षण प्रकट होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। इस वायरस से उत्पन्न होने वाले रोग की रोकथाम हेतु सम्भावित रोगियों की त्वरित पहचान हेतु उचित सर्विलांस गतिविधियॉ संचालित किया जाना तथा संक्रमण की रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय किया जाना नितान्त आवश्यक है।

3– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डिजीज सर्विलांस, आइसोलेशन वार्ड तथा वेंटिलेटर सहित सभी उपकरणों की क्रियाशीलता, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट की उपलब्धता तथा संक्रमण की रोकथाम के लिए पूर्व निर्धारित प्रोटोकॉल्स **(Infection Prevention Measures)** के प्रति समस्त कर्मचारियों एवं चिकित्सकों के संवेदीकरण की सभी आवश्यक कार्यवाही तत्काल पूर्ण कर उसकी सूचना महानिदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0 के ईमेल–**idspup@gmail.com** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,
25/1/2020

(डा0 देवेश चतुर्वेदी)
प्रमुख सचिव।

vijay/GO/COME-3

संख्या–150(1)/पाँच–5–2020 तद्दिनांक

1. महानिदेशक, चिकत्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक, संचारी रोग, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक ,चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सर्विलांस अधिकारी, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
5. मण्डलीय सर्विलांस अधिकारी, बरेली, सहारनपुर एवं मुरादाबाद मण्डल, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(शत्रुन्जय कुमार सिंह)
विशेष सचिव

vijay/GO/COME-3